भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3425

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

जम्मू में आयुष पद्धतियों को बढ़ावा

3425. श्री जुगल किशोर:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जम्मू लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी तथा अन्य आयुष पद्धतियों के विकास एवं संवर्धन के लिए सरकार द्वारा अब तक कार्यान्वित कार्यक्रमों एवं परियोजनाओं का पद्धति-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) जम्मू लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्तमान में संचालित आयुष अस्पतालों, औषधालयों, योग एवं वेलनेस केंद्रों, आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों तथा अन्य आयुष संस्थानों की कुल संख्या तथा गत तीन वर्षों के दौरान उनके विस्तार एवं उन्नयन का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने जम्मू लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में आयुष सेवाओं को आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली के साथ एकीकृत करने, आयुष चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने तथा आम जनता को गुणवत्तापूर्ण आयुष सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कोई विशेष योजना अथवा पहल शुरू की है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, जम्मू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) पद्धतियों के पद्धतिवार विकास और संवर्धन के लिए अब तक कार्यान्वित की गई परियोजनाओं की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित संघ राज्य क्षेत्र सरकार की है। हालांकि, आयुष मंत्रालय जम्मू और कश्मीर सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के माध्यम से 2014 से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है और राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के सापेक्ष एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधान के अनुसार आयुष स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अवसंरचना के विकास और दवाओं की आपूर्ति सहित विभिन्न गतिविधियों के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करके आयुष पद्धतियों के समग्र विकास और संवर्धन के लिए उनके प्रयासों का समर्थन कर रहा है।

जम्मू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आयुष पद्धतियों के विकास और संवर्धन हेतु जम्मू और कश्मीर संघ राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित कार्यक्रमों और परियोजनाओं का पद्धति-वार विवरण **संलग्नक-I** पर दिया गया है। इसके अलावा, पिछले तीन वर्षों के दौरान जम्मू संसदीय निवार्चन क्षेत्र में आयुष

अस्पतालों, औषधालयों, योग एवं कल्याण केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) (आयुष), अन्य आयुष संस्थानों और उनके विस्तार/उन्नयन की कुल संख्या **संलग्नक-II** में दी गई है।

(ग) और (घ): देश में चिकित्सा और कल्याण की पारंपरिक पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं के सह-स्थापन की एकीकृत कार्यनीति अपनाई है, जिससे रोगी एक ही स्थान पर चिकित्सा की विभिन्न पद्धतियों में से चयन कर सकें। जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, जम्मू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में, 77 पीएचसी, 02 सीएचसी, 04 डीएच और एक संबद्ध अस्पताल (एएच) में मौजूदा सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों के भीतर आयुष सुविधाएं सह-स्थापित की गई हैं। इन सुविधाओं केंद्रों में, रोगियों को एक ही स्थान पर राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत निशुल्क आयुष दवाओं के प्रावधान सहित आयुष सेवाएं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत तैनात आयुष डॉक्टरों और फार्मासिस्टों के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं।

*****

संलग्नक-I

जम्मू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आयुष पद्धतियों के विकास और संवर्धन हेतु जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा कार्यान्वित कार्यक्रमों और परियोजनाओं का पद्धति-वार विवरण:

क्र.सं.	जिला	कार्यान्वित कार्यक्रमों और परियोजनाओं का विवरण	
		परियोजनाएं	कार्यक्रम
1	जम्मू	राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, अखनूर, जम्मू	1. 56 आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आयुष (आयुर्वेद) 2. आयुष सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एमएसडी = 5, सुप्रजा = 3, आयुर्विद्या = 4 और कारुण्य = 4)
2	सांबा	50 बिस्तरों वाला एकीकृत आयुष अस्पताल, नोनाथ सांबा	1. 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आयुष (आयुर्वेद) 2. आयुष सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एमएसडी = 3, सुप्रजा = 1, आयुर्विद्या = 2 और कारुण्य = 2)
3	रियासी		1. 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर्-आयुष (आयुर्वेद) 2. आयुष सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एमएसडी = 4, सुप्रजा = 1, आयुर्विद्या = 3 और कारुण्य = 1)
4	राजौरी		1. 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिर्-आयुष (आयुर्वेद) 2. आयुष सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एमएसडी = 3, सुप्रजा = 1, आयुर्विद्या = 3 और कारुण्य = 2)

संलग्नक-II

पिछले तीन वर्षों के दौरान, जम्मू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आयुष अस्पतालों, औषधालयों, योग एवं कल्याण केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम), अन्य आयुष संस्थानों की कुल संख्या और उनके विस्तार/उन्नयन:

क्र.सं.	जिला	आयुष अस्पताल	आयुष औषधालय	योग एवं कल्याण केंद्र,	आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र/आयुष्मान आरोग्य मंदिर एएएम(आयुष)	अन्य आयुष संस्थान
1.	जम्मू	1	9	2	56	2
2.	सांबा	0	0	0	13	1
3.	रियासी	0	0	0	18	0
4.	राजौरी	0	1	0	33	0